**Regarding need to fix minimum distance between toll plazas from current 60 km to 100 km-Laid**

श्री दिलीप शइकीया (दारंग-उदालगुड़ी) : देश के नेशनल हाईवे पर इस वक्त 983 टोल प्लाजा चल रहे हैं । नेशनल हाईवे मामले में महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सबसे ऊपर है । वर्तमान में इन टोल प्लाजों पर वाहन चालकों को भारी भरकम टोल चुकाना पड़ रहा है, जिससे देश के आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है । टोल दरों में वार्षिक स्तर पर संशोधन हो रहा है, जिससे आवश्यक वस्तुओं की परिवहन लागत भी बढ़ रही है और आम नागरिकों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है । वर्तमान में देश के कुल राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई लगभग 1,46,000 किलोमीटर है, जो दूसरा सबसे बड़ा वैश्विक सड़क नेटवर्क है । वर्ष 2018-19 में टोल संग्रह करीब 25 हजार करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 54 हजार करोड़ रुपये हो गया था और वर्ष 2024-25 तक इसके 70 हजार करोड़ रूपए तक पहुँचने की सम्भावना है । केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार 2 टोल प्लाजा के मध्य कम से कम 60 किमी. की दूरी होनी चाहिए, लेकिन असम राज्य में गुवाहाटी राष्ट्रीय राजमार्ग पर केवल 50 किमी. के मध्य 2 टोल प्लाजा चल रहे है ।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि देश के नागरिकों पर बढ़ते टोल प्लाजा और टोल टैक्स के भार को कम करने और 2 टोल प्लाजों के मध्य दूरी को कम से कम 100 किमी. करने के विषय में जल्द से जल्द सकारात्मक कदम उठाने का कष्ट करें ।